हिन्दी सान्ध्य दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 01 अंक : 314 : जौनपुर, बुधवार 16 अगस्त 2023 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज – 4 मूल्य : 2 रूपया

## भारत ने विश्व मंच पर अग्रणी स्थान बनाया, राष्ट्रपति बोलीं- देश ने चुनौतियों को अवसरों में बदला, हमें बहुत आगे जाना है

एजेन्सी

नई दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश को इसकी बधाई दी है। अपने संबोधन की शुरूआत में उन्होंने कहा कि देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस पर आप सभी को मेरी हार्दिक बधाई! यह दिन हम सब के लिए गौरवपूर्ण और पावन है। चारों ओर उत्सव का वातावरण देखकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हम केवल एक व्यक्ति ही नहीं हैं, बल्कि हम एक ऐसे महान जन–समुदाय का हिस्सा हैं जो अपनी तरह का सबसे बड़ा और जीवंत समुदाय है। यह विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिकों का समुदाय है। उन्होंने कहा कि जाति, पंथ, भाषा और क्षेत्र के अलावा, हमारी अपने परिवार और कार्य–क्षेत्र से जुड़ी पहचान भी होती है। लेकिन हमारी एक पहचान ऐसी है जो इन सबसे ऊपर है, और हमारी वह पहचान है, भारत का नागरिक होना।

राष्ट्रपति ने कहा कि गांधीजी तथा अन्य महानायकों ने भारत की आत्मा को फिर से जगाया और हमारी महान सभ्यता के मूल्यों का जन–जन में संचार किया। उन्होंने कहा कि हम



सभी, समान रूप से, इस महान देश के नागरिक हैं। हम सब को समान अवसर और अधिकार उपलब्ध हैं तथा हमारे कर्तव्य भी समान हैं। उन्होंने कहा कि सरोजिनी नायडू, अम्मू स्वामीनाथन, रमा देवी, अरुणा आसफ अली और सुचेता कृपलानी जैसी अनेक महिला विभूतियों ने अपने बाद की सभी पीढ़ियों की महिलाओं के लिए आत्म–विश्वास के साथ, देश तथा समाज की सेवा करने के प्रेरक आदर्श प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं विकास और देश सेवा के हर क्षेत्र में बढ़–चढ़कर योगदान दे रही हैं तथा राष्ट्र का गौरव बढ़ा रही हैं। आज हमारी महिलाओं ने ऐसे अनेक क्षेत्रों में अपना विशेष स्थान बना लिया है जिनमें कुछ दशकों पहले उनकी भागीदारी की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि मैं सभी देशवासियों से आग्रह करती हूँ कि वे महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता दें। मैं चाहूंगी कि हमारी बहनें और बेटियाँ साहस के साथ, हर तरह की चुनौतियों का सामना करें और जीवन में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि भारत, पूरी दुनिया में, विकास के लक्ष्यों और मानवीय सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि चूंकि G20 समूह दुनिया की दो–तिहाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है, इसलिए यह हमारे लिए वैश्विक प्राथमिकताओं को सही दिशा में ले जाने का एक अद्वितीय अवसर है। देश ने चुनौतियों को अवसरों में बदला है और प्रभावशाली ळक्च हतवूजी भी दर्ज की है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता के लिए विभिन्न क्षेत्रों में पहल की गयी है तथा व्यापक स्तर पर कल्याणकारी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।मैं एक शिक्षक रही हूँ, इस नाते भी मैंने यह समझा है कि शिक्षा, सामाजिक सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। राष्ट्रपति ने कहा कि अनुसंधान, नवाचार तथा उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए, अगले पांच वर्षों में 50,000 करोड़ रुपये की राशि के साथ सरकार द्वारा ।दनेंदकींद छंजपवदंस त्मेमंतबी थ्वनदकंजपवद स्थापित किया जा रहा है। यह थ्वनदकंजपवद हमारे कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और अनुसंधान केन्द्रों में त्मेमंतबी एवं क्मअमसवचउमदज को आधार प्रदान करेगा, उन्हें विकसित करेगा तथा आगे ले जाएगा। उन्होंने कहा कि चंद्रमा का अभियान अन्तरिक्ष के हमारे भावी कार्यक्रमों के लिए केवल एक सीढ़ी है। हमें बहुत आगे जाना है। लोभ की संस्कृति दुनिया को प्रकृति से दूर करती है और अब हमें यह एहसास हो रहा है कि हमें अपनी जड़ों की ओर लौटना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एक क्षेत्र जिस पर पूरे विश्व के वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं को और अधिक तत्परता से ध्यान देना चाहिए वह है – जलवायु परिवर्तन। पर्यावरण के हित में स्थानीय, राष्ट्रीय तथा वैश्विक स्तर पर प्रयास करना अनिवार्य है।

## योगी सरकार करेगी महर्षि भारद्वाज के आश्रम का पुनरुद्धार



एजेन्सी

लखनऊ। प्रयागराज के प्रथम निवासी और प्राचीन भारतीय विमान निर्माण कला पर आधाारित वैमानिक शास्त्र जैसे महान वैज्ञानिक ग्रंथों के रचयिता एवं सप्तऋषियों में से एक महर्षि भारद्वाज के आश्रम का कायाकल्प मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर होने जा रहा है। संगम नगरी में महर्षि भारद्वाज का आश्रम सदियों से भारत की सनातन संस्कृति के प्रवाह को अक्षुण्ण बनाये रखे हुए है। योगी सरकार अब महर्षि भारद्वाज के आश्रम का दो चरणों में पुनरुद्धार करने जा रही है। प्रदेश के ऐतिहासिक धरोहरों का कायाकल्प करते हुए विरासत को सम्मान देने की कड़ी में ये कार्य भी बड़ी लकीर साबित होगा। महर्षि भारद्वाज के आश्रम के पुनरुद्धार के लिए योगी सरकार जोन 1 और जोन 2 में बांटकर कार्य करने जा रही है। इसमें जोन 1 के अंतर्गत सड़क के चौड़ीकरण का कार्य, हिन्दू मंदिर शैली पर आधारित चाहरदीवारी, ऋषि भारद्वाज की कहानी के साथ चाहरदीवारी के मेहराबों में दीवार पर भित्तिचित्र की स्थापना, बाउंड्री वाल की रेलिंग को टेराकोटा से निर्मित किया जाना, फुटपाथ निर्माण, छाया सहित बैठने के लिए बेंच निर्माण, पर्याप्त मात्रा में डस्टबिन, मार्ग प्रकाश के लिए लैंप, दुकानों का नवीनीकरण, शौचालय का नवीनीकरण, मुख्य द्वार का निर्माण, पार्किंग स्थल, रामलीला मैदान चबूतरा का नवीनीकरण, क्यूआर कोड वाले बहुभाषी ऑडियो गाइड का कार्य कराया जाएगा।

**आश्रम परिसर में मौजूद सभी मंदिरों का होगा कायाकल्प**

इसी प्रकार जोन 2 में भव्य प्रवेश द्वार, मुख्य मंदिर पर हिन्दू वास्तुकला पर आधारित अर्धमंडप, भारद्वाज आश्रम परिसर में स्थित सभी मंदिरों को पुनरुद्धार, हिन्दू वैदिक ज्यामितीय पर आधारित फर्श निर्माण, विमाननशैली पर आधारित पाथवे तथा लॉन का निर्माण, श्रद्धालुओं के लिए जूता रैक और आवश्यक सुविधाओं के लिए शेड की स्थापना, वाटर बॉडी, कीर्तन स्थल, उद्यान का सौंदर्यीकरण, बाउंड्रीवॉल में टेराकोटा और रेड सैंड स्टोन की रेलिंग, चाहरदीवारी में मूर्तिकला, भारद्वाज आश्रम की स्थापना से संबंधित भित्तिचित्रों का निर्माण कार्य किया जाना है। जोन 2 में जिन मंदिरों का पुनरुद्धार होना है उनमें सिद्धनाथ महादेव मंदिर, प्रयागराज मंदिर, मां सती कुंड, भरत कुंड, ऋषि याज्ञवल्क्य मंदिर, भारद्वाज जी का मुख्य मंदिर, व्यास मुनि, सत्यनारायण मंदिर, त्रिपुरारी महादेव मंदिर, भोला भंडारी मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, नवग्रह मंदिर, पंचमुखी मंदिर, शिवजी और भारद्वाज जी मंदिर शामिल हैं।

## हिमाचल में मानसून का तांडव, 37 लोगों की मौत

एजेन्सी

शिमला। हिमाचल प्रदेश में मानसून ने एक बार फिर तांडव मचाया है। प्रदेश में आसमान से आफत बरस रही है। मूसलाधार वर्षा से आई बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं में सोमवार को 37 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए हैं। राज्य के सभी प्रमुख मार्गों सहित संपर्क सड़कें जमीन धंसने, भूस्खलन, पेड़ गिरने और बाढ़ के कारण बंद हो गई हैं। इसके चलते लोग अपने घरों तक ही सीमित होकर रह गए हैं। राजधानी शिमला के समरहिल क्षेत्र की शिव बावड़ी में हुए भूस्खलन में 25 से 30 लोग दब गए हैं। इनमें से अभी तक 10 लोगों के शव बरामद किये जा चुके हैं, जबकि अन्य को निकालने के लिए राहत व बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी भूस्खलन स्थल का दौरा किया और राहत व बचाव कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस समय सरकार की प्राथमिकता फंसे लोगों को बचाना है। शिमला के ही फागली में हुए भूस्खलन की चपेट में कई घर आ गए। इस घटना में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 अन्य घायल हो गए हैं, 7–8 लोगों के दबे होने की आशंका है। भूस्खलन के कारण यहां कई भवनों को खतरा पैदा हो गया है। उधर, सोलन जिला के कंडाघाट उपमंडल की ममलीग उप–तहसील के जडौन गांव में बीती रात बादल फटने की घटना में 7 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में हरनाम सिंह, उनकी पत्नी खेमलता, 13 वर्षीय बेटा राहुल, 11 वर्षीय बेटी नेहा, कमल किशोर, उनका 9 वर्षीय बेटा गौरव और 12 वर्षीय बेटी रक्षा शामिल है। बादल फटने की इस घटना में 5 लोग घायल हो गए। हरनाम और रतीराम नामक व्यक्ति का मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सड़कें बंद होने के कारण घटनास्थल तक राहत दलों को पहुंचने में दिक्कतें आ रही हैं। सोलन जिला के अर्की तहसील की बलेरा पंचायत के चलोग गांव में एक मकान ढह जाने से दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की खोज जारी है। सोलन के ही राम शहर और बद्दी में भी मकान ढह जाने की घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है। मंडी जिला के द्रंग विधानसभा क्षेत्र की कटौला तहसील की ग्राम पंचायत सेगली बंबोला के चलाहर गांव में एक मकान ढह जाने से 8 लोग दब गए। इनमें से 7 लोगों के शव बरामद कर लिये गए हैं। डीएसपी पधर संजीव सूद ने कहा कि एनडीआरएफ और कमांद पुलिस चौकी की टीम घटना स्थल पर पहुंच गई है।

## भाजयुमो निकलेगा हर घर बाइक तिरंगा यात्रा



एजेन्सी

लखनऊ। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त दिवेदी ने जानकारी दी । आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्ण उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता युवा मोर्चा 15 अगस्त को हर घर तिरंगा बाइक यात्रा निकलेगा। प्रत्येक घरों पर ध्वज लगाने का काम करेगा। 15 अगस्त को उत्तर प्रदेश के 822 ब्लॉक व महानगरों के प्रत्येक विधानसभा में तिरंगा बाइक यात्रा का आयोजन करेगा। तिरंगा यात्रा में कम से कम 200 मोटर साइकिल रहने का आग्रह किया गया है। श्री दिवेदी ने बताया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी लखनऊ महानगर में और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज में ,उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी लखनऊ कैंट में प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा प्रांशुदत्त द्विवेदी रामपुर में रहेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री अपने–अपने प्रभार जनपद में रहेंगे। इस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे सभाजयुमो प्रदेश महामंत्री कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र पटेल ने बताया कि इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए प्रदेश व क्षेत्र के पदाधिकारी को प्रत्येक जिले में प्रवासी बनाकर भेजा गया है।

## तमिलनाडु में स्वतंत्रता दिवस को लेकर बढ़ा विवाद, राज्यपाल की चाय पार्टी में शामिल नहीं होंगे स्टालिन

एजेन्सी

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने राज्यपाल आर एन रवि के राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) समर्थक रुख की कड़ी निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि राज्य सरकार स्वतंत्रता दिवस पर राज्यपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली चाय पार्टी का बहिष्कार करेगी। रवि ने दो दिन पहले कहा था कि ''यदि उनके पास शक्ति होश्श, तो वह नीट से राज्य को छूट देने के प्रावधान वाले राज्य सरकार के विध ेयक को कभी मंजूरी नहीं देंगे। इस विधेयक को अभी राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली है। स्टालिन ने रवि के बयान की निंदा करते हुए कहा कि राज्यपाल के बयान ने विद्यार्थियों और युवाओं को स्तब्ध कर दिया है। उन्होंने कहा, ''राज्यपाल का बयान गैर जिम्मेदाराना है और तमिलनाडु के सात साल पुराने नीट विरोधी संघर्ष को कमतर करता है। रवि उच्च शिक्षा विभाग में भी भ्रम पैदा कर रहे हैं और उनकी नीट समर्थक टिप्पणी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के सपनों को ''नष्टश्श करने के समान है। राज्यपाल के नीट समर्थक सार्वजनिक रुख के प्रति राज्य सरकार के विरोध को दर्ज कराते हुए स्टालिन ने कहा, ''हमने 15 अगस्त को राजभवन में उनकी मेजबानी में आयोजित की जाने वाली चाय पार्टी का बहिष्कार करने का फैसला किया है। दरअसल, तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि ने शनिवार को साफ कहा कि वह तमिलनाडु सरकार के नीट विरोधी विधेयक को कभी भी मंजूरी नहीं देंगे। इस विधेयक को अभी राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली है। राज्यपाल के इस बयान पर सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्ति की है। रवि ने कहा कि राष्ट्रीय प्रवेश–सह–पात्रता परीक्षा (नीट) के बिना उपलब्धियां भविष्य के लिए पर्याप्त नहीं हैं और यह परीक्षा जारी रहेगी। उन्होंने कहा, '' देखिए, मैं (विधेयक को) मंजूरी देने वाला अंतिम व्यक्ति होऊंगा। इसे कभी भी मंजूरी नहीं दूंगा। मैं नहीं चाहता कि मेरे बच्चे बौद्धिक रूप से अक्षम महसूस करें। मैं चाहता हूं कि हमारे बच्चे प्रतिस्पध ार्ा करें और सर्वश्रेष्ठ बनें। उन्होंने यह साबित कर दिया है। एक अभिभावक ने राज्यपाल से 'नीट को प्रतिबंधित करने के लिए मंजूरीश देने का आग्रह किया था। उनका मतलब केंद्रीय परीक्षा से राज्य को छूट देने का प्रावधान करने वाले तमिलनाडु विधानसभा के एक विधेयक को मंजूरी देने से था। रवि ने कहा, '' मैं आपको बहुत स्पष्ट रूप से बता रहा हूं, मैं नीट (विधेयक) को कभी भी मंजूरी नहीं दूंगा। वैसे भी यह राष्ट्रपति के पास गया है क्योंकि यह समवर्ती सूची का विषय है और यह ऐसा विषय है जिसे मंजूरी देने के लिए केवल राष्ट्रपति ही सक्षम हैं।

## पटना एचसी के आदेश को चुनौती देने वाली अर्जी पर अब 18 अगस्त को होगी सुनवाई

एजेन्सी

नयी दिल्ली/पटना उच्चतम न्यायालय ने बिहार में जातिगत सर्वेक्षण को मंजूरी देने वाले पटना उच्च न्यायालय के एक अगस्त के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई सोमवार को 18 अगस्त के लिए टाल दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने गैर–सरकारी संगठन (एनजीओ) 'एक सोच एक प्रयासश की ओर से दायर याचिका को उच्च न्यायालय के उसी आदेश को चुनौती देने वाली अन्य याचिकाओं के साथ 18 अगस्त को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता की ओर से पेश एक वकील ने कहा कि एक अगस्त को उच्च न्यायालय के आदेश के दिन, राज्य सरकार ने देर रात अधिसूचना जारी करके



जातिगत सर्वेक्षण को तीन दिनों के भीतर पूरा करने को कहा था। पीठ ने कहा कि वह हर मुद्दे पर 18 अगस्त को विचार करेगी और उस समय तक सभी न्यायाधीश उच्च न्यायालय का संबंधित फैसला भी पढ़ लेंगे। उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाले अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने भी कहा कि शीर्ष अदालत के समक्ष याचिका लंबित होने तक सर्वेक्षण का विवरण प्रकाशित नहीं करने का राज्य सरकार को निर्देश जारी किया जा सकता है। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि ऐसा करना दूसरे पक्ष को सुने बिना सर्वेक्षण पर परोक्ष तौर पर रोक लगाने जैसा होगा।

न्यायमूर्ति खन्ना ने रोहतगी से कहा, ''यह बिना सोच विचार जैसा होगा। मैं ऐसा नहीं करना चाहता। अठारह अगस्त को हम आप लोगों को सुनेंगे और सभी पहलुओं पर विचार करेंगे।

## स्वतंत्रता दिवस पर 954 पुलिस कर्मी पुलिस पदक से सम्मानित

एजेन्सी

नयी दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कुल 954 पुलिसकर्मियों को पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक 230 वीरता पुरस्कारों में से ज्यादातर वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के 125 , जम्मू कश्मीर क्षेत्र के 71 और पूर्वोत्तर क्षेत्र के 11 कर्मियों को उनकी वीरतापूर्ण कार्रवाई के लिए सम्मानित किया गया है। वीरता पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मियों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 28 ,महाराष्ट्र के 33, जम्मू कश्मीर के 55 , छत्तीसगढ़ के 24, तेलंगाना

## उत्तराखंड में भारी बारिश, चारधाम यात्रा स्थगित

एजेन्सी

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को कहा कि प्रदेश में हो रही भारी बारिश को देखते हुए दो दिन के लिए चारधाम यात्रा स्थगित कर दी गयी है । यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, प्रदेश के उच्चाधिकारियों के साथ एक बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि मूसलाध ार बारिश और इसके कारण उत्पन्न हालात को देखते हुए दो दिनों के लिए चारधाम यात्रा स्थगित कर दी गई है। इस दौरान, उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से मौसम के पूर्वानुमान को देखकर ही यात्रा करने की अपील की। इस बीच, राज्य के पौड़ी जिले के लक्ष्मणझूला क्षेत्र में सोमवार को भूस्खलन होने के बाद चार से पांच व्यक्तियों के लापता होने की खबर है। पुलिस के अनुसार, भारी बारिश के कारण एक रिजॉर्ट पर भूस्खलन का मलबा गिर गया और चार–पांच लोग दब गए।

## बीजेपी में शामिल नहीं होगी एनसीपी : शरद पवार

एजेन्सी

पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को दोहराया कि उनकी पार्टी का भाजपा में शामिल होने का कोई सवाल ही नहीं है क्योंकि यह ष्एनसीपी की राष्ट्रीय नीति के अनुरूप नहीं है। 83 वर्षीय राकांपा प्रमुख ने स्पष्ट कर दिया कि उनके गुट से कोई भी भाजपा के साथ नहीं जाएगा, इससे इस संबंध में सभी अटकलें खारिज हो गईं। पवार ने घोषणा की, हमारे कुछ सहयोगियों ने इस मुद्दे पर अलग रुख अपनाया है। हमारे श्शुभचिंतकश ऐसे प्रयास कर रहे हैं। एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में, मैं कहता हूं कि एनसीपी भाजपा के साथ नहीं जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल के रिश्तेदार को भाजपा में शामिल करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईसी) से नोटिस दिया गया



था। पवार ने कहा, केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। पाटिल पर दबाव बनाने के लिए उनके रिश्तेदार को ईडी नोटिस भेजा गया है। राकांपा नेता के बयान तब आए, जब उन्होंने और पाटिल ने सप्ताहांत में राकांपा (एपी) नेता और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के साथ अलग–अलग बैठकें कीं, इसस राजनीतिक अफवाहें उड़ गईं। शरद पवार ने कहा कि अजित उनके भतीजे हैं और वह उनसे परिवार के पितातुल्य के रूप में मिले और सोचा कि यह मीडिया में इस तरह की आधारहीन चर्चा का विषय क्यों बनना चाहिए। ैब्ठकों पर महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के साझेदार शिव सेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई।

# 77 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया






जौनपुर। (सू०वि०)– जनपद में 77 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा के द्वारा ध्वजारोहण कर कर्मचारियों व आम जनमानस को पंचप्रण की शपथ दिलाई गई। जिलाधिकारी द्वारा जनक कुमारी इंटर कॉलेज की छात्राओं को सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उपहार देकर उनका प्रोत्साहन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों एवं संभ्रांत जनो को संबोधित करते हुए कहा कि हमे मिलकर आपस में एक होकर रहने की आवश्यकता है तभी भारत देश मजबूत होगा।

उन्होंने कहा की 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस इसलिए मनाया जाता है कि हमें यह हमेशा याद रहे कि आपसी लड़ाई से अपनी ही क्षति होती है। उन्होंने कहा कि भारत के सैनिक कठिन परिस्थितियों में भी देश की सेवा करते है, हमारी रक्षा करते है अतः हमारा कर्तव्य बनता है कि उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि हम शहीदों का तो सम्मान करते है और हमे उनकी भावनाओं का आदर करना चाहिए, उनकी समस्याओं को सुनना हमारी प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज बड़ी संख्या में जो भी पौधरोपण किए जा रहे है, इनकी देखभाल करने की आवश्यकता है, पौधे हमे जीवन पर्यन्त देते रहते है। बिना हरियाली के जीवन संभव नहीं है अतः संकल्प लेना चाहिए की वृक्षारोपण अवश्य करेंगे और अपने बच्चो को पौधों के महत्व के बारे में जागरूक करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा की हमने जो कुछ जीवन में प्राप्त किया है उसके लिए धन्यवाद अवश्य करे।

उन्होंने तकनीकी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जनपद में लगभग 400 हेल्थ एवं वेलनेश सेंटर बनाए जा रहे है, जिसके सम्बन्धा के कहा जा सकता है यह जनपद के लिए एक क्रांति के समान है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र सहित मेडिकल टूरिज्म में भी तेजी से विकास हो रहा है। दूर दराज गाँव मे बैठा छात्र भी तकनीकी के माध्यम से प्रशिक्षित शिक्षक से ज्ञान अर्जित कर रहा है और मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व गणेश प्रसाद सिंह, नगर मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह एवं अध्यक्ष कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ विजय प्रताप सिंह ने अपने विचार प्रकट किए।

सूचना विभाग के पंजीकृत दल सोनम सरोज एंड पार्टी के द्वारा लोकगीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशीष त्रिपाठी के द्वारा किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी द्वय, नगर मजिस्ट्रेट द्वारा डॉ० भीमराव अंबेडकर एवं महात्मा गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सुनील कुमार, लालबहादुर, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित कलेक्ट्रेट कर्मचारी व आम जनमानस उपस्थित रहे। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ० अजय पाल शर्मा के द्वारा पुलिस लाइन में, मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम के द्वारा विकास भवन में एवं समस्त उपजिलाधिकारी के द्वारा संबंधित तहसील में ध्वजारोहण कर पंच प्रण की शपथ दिलाई गई।

# पेंशनर्स अपनी मांगों के लिए 20 सितंबर को करेंगे जिला पर प्रदर्शन



सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के जनपद शाखा की बैठक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर भवन में अध्यक्ष सीबी सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने आगामी 20 सितंबर को होने वाले जनपद स्तरीय धरना प्रदर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला साथ ही सभी पेंशनर्स साथियों से कैशलेस चिकित्सा कार्ड शीघ्र बनवाने की अपील किया। गत बैठक से अब तक बने नए सदस्य एवं नवीनीकरण की संख्या से सदन को अवगत कराते हुए सभी उपस्थित सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में नए सदस्य बनाने योग बने हुए सदस्यों के नवीनीकरण में सहयोग की अपील किया। बैठक में वक्ताओं ने पेंशनरों की मांग पर सरकार की उदासीनता पर आक्रोश व्यक्त करते हुए जनपद स्तर पर होने वाले धरने में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आश्वासन सदन को दिया गया, बैठक में सिंचाई विभाग पीडब्ल्यूडी एवं चिकित्सा सेवानिवृत्त पेंशनर्स के चिकित्सा प्रतिपूर्ति के दावों को लंबे समय तक तकनीकी प्रशिक्षण हेतु लंबित रहने की स्थिति से अवगत कराया जिस पर सदस्यों ने तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी से पत्राचार करने का सुझाव दिया। बैठक को मुख्य रूप से सर्वश्री कंचन सिंह ओंकार नाथ मिश्रा केके तिवारी प्रमोद कुमार सिंह हीरालाल आजाद राजेंद्र सिंह कृपा शंकर उपाध्याय विक्रमाजीत यादव व्यसन सिंह रामप्रवेश सिंह नंदलाल सरोज बीवी सिंह राम अवध लाल श्रीवास्तव कंचन सिंह मंजू रानी राय चंद्रशेखर सिंह डॉक्टर भारत यादव कृष्ण कुमार त्रिपाठी रामकेश यादव हनुमान प्रसाद श्रीवास्तव सुखराम बलिराम यादव शारदा प्रसाद श्रीवास्तव दशरथ राम मिथिलेश जायसवाल रामाश्रय रजक लालचंद यादव कालिका प्रसाद शंभू नाथ यादव कमलेश द्विवेदी पारसनाथ आदि ने विचार व्यक्त किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे।

बैठक के अंत में सभी उपस्थित सदस्य के प्रति अध्यक्ष द्वारा आभार व्यक्त करते हुए आगामी मांह सितंबर की मासिक बैठक एवं 20 सितंबर को होने वाले जनपदीय प्रदर्शन धरना में बड़ी संख्या में उपस्थित की अपील करते हुए सभा समाप्त की घोषणा की गई। बैठक का संचालन जिला मंत्री राजबली यादव एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

## आईटीबीपी ने लखनऊ में निकाली तिरंगा यात्रा

संवाददाता

लखनऊ। भारत का 77वां स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मिटटी को नमन, वीरों का वंदन "मेरा माटी मेरा देश" इस अभियान की शुरुआत की है। कार्यक्रम 9 अगस्त से 30 अगस्त तक चलाया जा रहा है। इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य उन साहसी शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों और महिलाओं को सम्मान और श्रद्धांजली देना है। जिन्होने पूरे भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सेवा की हैं। मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत हर घर तिरंगा थीम पर श्याम मलहोत्रा महानिरीक्षक, आईटीबीपी पूर्वी सीमांत मुख्यालय लखनऊ उप–महानिरीक्षक प्राची गैंगवार, आईएफएस, डा.एमएस यादव उपनिदेशक पीआईबी के संयुक्त प्रयास से बाईक रैली का आयोजन किया गया। रैली का फ्लैग ऑफ श्याम मलहोत्रा महानिरीक्षक, आईटीबीपी पूर्वी सीमांत मुख्यालय लखनऊ द्वारा किया गया। मोटर साईकिल रैली केन्द्रीय भवन अलीगंज से शुरू होकर एलडीए स्टेडियम से होते हुए।


स्वत्रंत्रता दिवस की जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं




प्रोपराइटर - राजन तिवारी
सिटी फार्मेसी
वजीरगंज अश्वनीपुरम कालोनी वजीरगंज,अयोध्या



स्वत्रंत्रता दिवस की जनपद जौनपुरवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं





इं. अरुण सिंह राणा
अधिशासी अभियन्ता (यांत्रिक)
सिंचाई विभाग, जौनपुर, उत्तर प्रदेश


# श्री अयोध्या सिंह मेमोरियल इण्टर कॉलेज में ध्वजारोहण विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. आशीष कुमार सिंह ने किया




ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। श्री अयोध्या सिंह मेमोरियल इण्टर कॉलेज चिनहट लखनऊ, डी.पी.एस एकेडमी इटौंजा लखनऊ, व जी. एस. एम. प्राइवेट आई. टी. आई रायपुर राजा इटौंजा लखनऊ में स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

श्री अयोध्या सिंह मेमोरियल इण्टर कॉलेज में ध्वजारोहण विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. आशीष कुमार सिंह ने किया। विद्यालय की प्रबन्धक श्रीमती शैल सिंह आज इस कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुई। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। जिसकी शुरुआत डॉ. आशीष सिंह ने सरस्वती मां के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मां के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्होंने बच्चों को सम्बोधित किया। जिसमें उन्होंने बच्चों में देश के सभी बलिदानियों को याद किया और देश भक्ति के प्रति बच्चों में चेतना जगाई। ध्वजारोहण से पूर्व बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली, प्रभात फेरी विद्यालय से प्रारम्भ होकर मटियारी , चिनहट तिराहे होते हुए विद्यालय वापस आई। प्रभात फेरी के दौरान बच्चे वंदे मातरम् और भारत माता का जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। रास्ते में राहगीरों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों के नारो के संग राहगीरों ने भी उनके संग नारे बोले।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। बच्चों ने देशभक्ति से ओत–प्रोत कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। प्री–प्राइमरी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत ग्रुप डांस मैं देश नहीं झुकने दूंगा एवं सीनियर वर्ग द्वारा प्रस्तुत हर घर तिरंगा काफी पसंद किया गया। प्राइमरी वर्ग के बच्चों द्वारा प्रस्तुत झांसी की रानी का म्यूजिकल एक्ट भी काफी सराहा गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिष्ठान का वितरण किया गया। आज के कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंधक, विद्यालय की एडमिनिस्ट्रेटिव आफिसर पूजा सिंह, प्रधानाचार्य अनीता मिश्रा, और शिक्षक–शिक्षिकाएं बच्चे व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

डी.पी.एस. एकेडमी इटौंजा लखनऊ में ध्वजारोहण देवग्रुप ऑफ कॉलेजेज की प्रबन्धक शैल सिंह द्वारा किया गया। अपने सम्बोधन में उन्होंने बच्चों को देश के प्रति जागरूक किया एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ध्वजारोहण के बाद विद्यालय के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गए, जिसमें देशभक्ति से सम्बंधित कार्यक्रम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गए। आज के कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती शैल सिंह, विद्यालय के असिस्टेंट डायरेक्टर भावेश प्रताप सिंह, विद्यालय की एडमिनिस्ट्रेटिव आफिसर गरिमा सिंह प्रिंसिपल मीता चक्रवर्ती के साथ–साथ समस्त अध्यापक गण भी उपस्थित रहे। इस उपलक्ष्य में उस क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

जी.एस.एम. प्राइवेट आई.टी. आई. रायपुर राजा इटौंजा में झण्डारोहण संस्था के डायरेक्टर श्री लाल महेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। उनके द्वारा स्वतंत्रता का महत्व बताया गया साथ एक अच्छे समाज के निर्माण की कामना की गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों सहित सभी शिक्षकगण मौजूद थे।

## स्वतंत्रता दिवस पर सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मी होंगे सम्मानित

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सराहनीय और ईमानदारी से कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सरकार के द्वारा सम्मान किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपराधियों के खिलाफ कड़ी विवेचना करने वाले अफसरों को भी गृहमंत्री सम्मान दिया जाएगा।


स्वत्रंत्रता दिवस की जनपद लखनऊ वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं





श्री एवं श्रीमती नीलाब कृष्ण श्रीवास्तव
लखनऊ, उत्तर प्रदेश



स्वत्रंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं





मानवेंद्र प्रताप सिंह
प्रथम श्रेणी ठेकेदार
प्रो .मेसर्स माही कंस्ट्रक्शन
इंदिरा नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश












## सीएम योगी आदित्यनाथ ने भगवान शिव किया रुद्राभिषेक

संवाददाता

लखनऊ। श्रावण पुरुषोत्तम मास का आज अंतिम सोमवार है, इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में अपने आवास के पास स्थापित शक्तिपीठ में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। इस दौरान योगी कमलनाथ की उपस्थिति में मंत्रोच्चार बीच एक घंटे तक चले रुद्राभिषेक कार्यक्रम में परंपरागत पुजारी एवं संस्कृत विद्यालय के आचार्य सहित 11 वेद पाठी ब्राह्मण इस अनुष्ठान में शामिल रहे। दूध तथा कई प्रकार के फलों के रस से अनुष्ठान सम्पन्न कर सीएम योगी ने लोक कल्याण की कामना की। बता दें कि 14 अगस्त को अधिक मास का अंतिम सोमवार व्रत रखा जाएगा। वहीं यह सावन महीने का छठा सोमवार व्रत होगा। इस दिन शिवजी की पूजा के लिए क्या है शुभ मुहूर्त आइए जानते हैं। सावन महीने की शुरुआत 04 जुलाई से हुई है और इसकी समाप्ति 31 अगस्त को होगी, जिसमें कुल 8 सोमवार व्रत रखें जाएंगे. इस साल सावन माह में ही अधिक मास लगा है।

## मेरी माटी



मेरी माटी मेरा देश
ऐसा कहे यह भारत देश,
एक तिरंगा है लहराता,
देश का जन–जन है मुस्काता।
मेरी माटी मेरा देश ....
धर्म, कर्म में रचे–बसे हैं,
हम सारे हिन्दुस्तानी,
सावन में हों शिव की बातें,
और सत्य का पाठ पढ़ाएं।
मेरी माटी मेरा देश ...
फसलें लहर–लहर लहरायें,
दूध गंग–सा बहा करे,
शिक्षित हों बेटी–बेटे सब,
मान देश का बढ़ा करे।
मेरी माटी मेरा देश....
इस मिट्टी में खून बहा है,
देश के वीर–जवानों का,
तभी तिरंगा फहराया है,
गान हुआ है जन–गण–मन का।
मेरी माटी मेरा देश....
आओ हम सारे जन मिलकर,
देश की माटी का कर्ज चुकाएं,
यहां–वहां की माटी चुनकर,
हिन्द धरा का मान बढाएं।
मेरी माटी मेरा देश ...

**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम**
गांधीनगर, इन्दौर (म.प्र.)

